आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक: 26.12.2024 समय : 18.30 पीएम

- देशभर में आज मनाया गया वीर बाल दिवस–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–लोकतंत्र की व्यापकता, गुरूओं की शिक्षा और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया।
- प्रधानमंत्री कल राजस्थान सहित दस राज्यों के पात्र लोगों को 58 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे–प्रदेश में होने वाले कार्यक्रमों में कई केन्द्रीय मंत्री शिरकत करेंगे।
- राज्यभर में सर्दी की रंगत जोरों पर–पर्यटन स्थल हुए सैलानियों से आबाद।

000

देश आज सिक्ख धर्म के प्रणेता गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान की याद में वीर बाल दिवस मना रहा है। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरूओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है। श्री मोदी ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें सिखाता है कि देश की अखंडता और विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

.............

प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान लोगों को देश की संप्रभुता और एकता को सबसे ऊपर रखने के सिद्धांत की सीख देता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का भी शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं को मजबूती से लागू करना और इस कार्य में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर पोषण व्यवस्था मजबूत करना है। इस कार्यक्रम में पुरस्कृत बच्चों के अलावा लगभग साढे तीन हजार बच्चे और गणमान्य लोग शामिल हुए।

गौरतलब है कि साल 2022 में प्रधानमंत्री मोदी ने गुरू गोबिंद सिंह के साहिबजादों को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस पर युवाओं में रचनात्मतकता बढाने और विकसित भारत में उनके प्रेरक योगदान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

000

वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में भी आज विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम रखे गये। जयपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड सहित पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान शबद कीर्तन रखा गया और गुरु गोबिन्द सिंह के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। विभिन्न जिलों में भी इस मौके पर कार्यक्रम आयोजित हुए। श्रीगंगानगर के शहीद नगर गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में साहिबजादों की याद में लंगर लगाया गया।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इन बच्चों को कला–संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह दिन श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान और साहस का सम्मान करने का दिन है। राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले

बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां देश के सभी नागरिकों को प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और अवसर प्रदान करना देश की परंपरा का हिस्सा रहा है।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 58 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान सहित 10 राज्यों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पात्र लोगों को स्वामित्व संपत्ति कार्ड दिए जाएंगे। कार्यक्रम में स्वामित्व योजना के अंतर्गत दो करोड़ से अधिक संपत्ति कार्ड तैयार करना और एक ही दिन में 58 लाख से ज्यादा कार्ड वितरित करना बड़ी उपलब्धि होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री चयनित लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल, 2020 को यह योजना शुरू की थी। गौरतलब है कि इस योजना का उद्देश्य ड्रोन और भौगोलिक सूचना प्रणाली–जी.आई.एस. तकनीक से गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व का रिकॉर्ड प्रदान करना है।

प्रदेश में भी कल कई स्थानों पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। जयपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा मौजूद रहेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय मंत्रियों को अलग–अलग राज्यों में भेजा गया है। इस कड़ी में श्री नड्डा को जयपुर की जिम्मेदारी दी गई है।

दो दिन की यात्रा पर जयपुर पहुंच रहे श्री नड्डा का आयोजन के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं से संवाद का भी कार्यक्रम है। कोटा में केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी स्वामित्व योजना कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। वहीं जोधपुर में आयोजित होने वाले समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शिरकत करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि दो दिन के दौरे पर सूर्य नगरी पहुंचे केन्द्रीय मंत्री ने स्थानीय सांसद और केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात की और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।

.............

बांसवाडा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी शिरकत करेंगे। स्वामित्व योजना के तहत राजस्थान के डेढ़ लाख परिवारों को जमीनों के पट्टे दिए जाएंगे।

000

कोटा में अभावग्रस्त परिवारों की महिलाओं की पोषण युक्त भोजन और स्वास्थ्य सुरक्षा मुहैया कराने को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर चलाए जा रहे सुपोषित मां अभियान का तीसरा चरण कल से शुरू होगा। केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इसका शुभारंभ करेंगी। साल 2020 में शुरू किये गये इस अभियान के तहत कोटा–बूंदी क्षेत्र की 15 हजार से अधिक महिलाओं को बीते पांच सालों में लाभ दिया गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

000

प्रदेशभर में सर्दी की रंगत ज़ोरों पर है। पूर्वी जिलों के साथ ही सरहदी इलाकों में भी सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार आज से दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कई स्थानों पर अगले एक–दो दिन में मावठ होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि विक्षोभ का सबसे ज्यादा असर कल रहने की आशंका है।

इस बीच, बीते 24 घंटों में प्रदेश में सबसे कम 3 डिग्री सेल्सियस तापमान माउंट आबू में रिकॉर्ड किया गया। मैदानी भागों में सीकर का फतेहपुर सबसे ठंडा रहा, वहां रात का तापमान 3 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इधर, ठंड बढ़ने और सर्दी की छुट्टियों के चलते प्रदेश के सभी पर्यटन स्थल सैलानियों से आबाद हो गए हैं। राजधानी जयपुर सहित उदयपुर, सवाईमाधोपुर, पाली, जैसलमेर और जोधपुर में इन दिनों बड़ी संख्या देशी–विदेशी पर्यटक सैर सपाटे को पहुंचे हैं। हमारे सिरोही संवाददाता ने बताया कि माउंट आबू में गुजराती पर्यटकों के साथ अन्य राज्यों से भी पहुंचे सैलानी सर्दी का आनंद ले रहे हैं।

.............

000

देश, आज महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह को उनकी 125वीं जयंती पर याद कर रहा है। श्री सिंह का जन्म आज ही के दिन वर्ष 1899 में अविभाजित भारत के पंजाब के सुनाम गांव में हुआ था। उधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिये पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओ'डायर की हत्या की थी।
प्रदेश में विभिन्न संगठनों की ओर से शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। श्रीगंगानगर के उधम सिंह चौक पर लोगों ने स्वच्छता अभियान चलाकर राष्ट्र के नाम सेवा दी। जिले के केसरीसिंहपुर में शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

000